पी. एन. गिरिजा देवी

अकादेमी पुरस्कार:
नृत्य और नृत्य नाटक की अन्य प्रमुख परम्पराएँ (कूटियाट्टम)

केरल के कदवल्लूर में 23 जनवरी 1959 को जन्मी, श्रीमती पी. एन. गिरिजा देवी (कलामंडलम गिरिजा) ने कूटियाट्टम का प्रशिक्षण गुरु पी. रमा चाक्यार से प्राप्त किया है जिन्होंने संस्कृत रंगमंच और नृत्य की इस शैली के पुनर्उद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गुरु पी. रमा चाक्यार ने ही कलामंडलम गिरिजा का चयन किया था। आप कूटियाट्टम का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली पहली गैर–नांगियार छात्रा हैं। साथ ही, मंदिर परिसर के बाहर कूटियाट्टम की प्रस्तुति देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में भी आपका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज है। आपने कलामंडलम सत्यभामा के मार्गदर्शन में मोहिनीआट्टम का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

कलामंडलम गिरिजा ने सन् 1984 में पहली बार मंदिर के बाहर केरल कलामंडलम में नांगियारकुट्टू की प्रस्तुति दी थी। कलामंडलम शिवन नंबूदरी और कलामंडलम रमा चक्यार के सानिध्य में प्रशिक्षण के दौरान आपने कूटियाट्टम की आंतरिक अभिनय तकनीकों के बारे में अपने ज्ञान को समृद्ध किया और आप कूटियाट्टम की एकमात्र ऐसी महिला कलाकार हैं जो स्त्री–पुरुष दोनों की भूमिका में पारंगत हैं। कलामंडलम गिरिजा आईसीसीआर में भी पैनलबद्ध हैं।

आपको 2001 में केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारय 2008 में पेनकुलम रमा चाक्यार पुरस्कारय और 2009 में केरल सरकार के केरल कलामंडलम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

श्रीमती पी. एन. गिरिजा देवी को कूटियाट्टम में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

P. N. GIRIJA DEVI

Akademi Award:
Other Major Traditions of Dance and Dance Theatre (Kutiyattam)

Born on 23 January 1959 in Kadavalloor, Kerala, Shrimati P.N. Girija Devi (Kalamandalam Girija) was trained by Painkulam Rama Chakyar, who played a key role in the renaissance of this genre of Sanskrit theatre and dance, and also briefly by Kunjippillakkutty Nagiaramma. Kalamandalam Girija was chosen by her Guru to be the first non-Nangiar student to learn Kutiyattam, and she became part of history as the first Kutiyattam actress to perform the art outside the temple premises. She also trained in Mohiniattam under Kalamandalam Satyabhama, and Kunjippillakkutty Nangiaramma.

Kalamandalam Girija made her name in Kutiyattam history in being the first artist to perform Nangiarkuttu outside the temples in 1984 at Kerala Kalamandalam. Her knowledge of the intrinsic acting techniques of Kutiyattam acquired during her training with Kalamandalam Shivan Namboothiri and Kalamandalam Rama Chakyar added to her uniqueness as the only female artist in the history of Kutiyattam who is well versed in the role of both male and female characters. Kalamandalam Girija is an empanelled artist of ICCR.

She received the Kerala Sangeeta Nataka Akademi Award in 2001; the Painkulam Rama Chakyar Award in 2008; and the Kerala Kalamandalam Award of the Government of Kerala in 2009.

Srimati P.N. Girija Devi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Kutiyattam.